# कार्यालय वनमंडलाधिकारी, पूर्व छिंदवाड़ा (सा.) वनमंडल

*E-mail ID :: cweastdn@rediffmail.com / dfotechwara@mp.gov.in, P.- (07162)243457, Fax (07162)242267*

**क्रमांक/मा.चि./2021/2925** **छिंदवाड़ा, दिनांक/28/12/2021**

**प्रति,**

**संभागीय प्रबधंक**

**एम पी आर डी सी, छिन्दवाड़ा**

विषय :— छिन्दवाडा जिले के अंतर्गत शासन की एडीबी–6/7 योजना अंतर्गत स्वीकृत (हर्रई से बिजोरी मार्ग, राज्य मार्ग कमांक 41) कुल लंबाई 72.73 कि.मी. के उन्नयन कार्य में प्रयुक्त होने वाली 6.372 हे. वनभूमि के सबंध में ।

संदर्भः— आपका पत्र कमांक 832 दिनांक 24.12.21।

===❀❀❀===

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, आपके द्वारा हर्रई–बिजोरी मार्ग ( राज्य मार्ग क. 41) कुल लंबाई 72.731 कि.मी. के उन्नयन कार्य कार्य में वनक्षेत्र में 7.28 कि.मी. रकबा 6.372 हे. वन भूमि प्रभावित हो रही है । जिसकी स्वीकृति हेतु प्रस्ताव ऑनलाईन प्रविष्टि कर 4 प्रतियों में इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है । प्रस्ताव का परीक्षण करने पर निम्न बिन्दुओं की पूर्ति आपके द्वारा पूर्ण कर अभिलेख सहित प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

बिन्दु क. 01– वनाधिकार अधिनियम 2006 मान्यता अधिनियम 2008 के अंतर्गत विनिश्चियन सबंधी कलेक्टर जिला छिन्दवाड़ा के प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें ।

बिन्दु क. 02– प्रस्तावित मार्ग निर्माण में राजस्व वनभूमि तो प्रभावित नही हो रही है, इस सबंध में तहसीलदार हर्रई का प्रमाण पत्र ।

बिन्दु क. 03– प्रभावित वनभूमि के बदले समतुल्य गैर वनभूमि 6.372 हे. भूमि जो वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराई गई है । उक्त भूमि का उपयुक्तता संबधी प्रमाण पत्र संलग्न करें साथ ही पी–2 फार्म खसरा, नक्शा की प्रति भी संलग्न करें ।

बिन्दु क. 04– प्रभावित वनक्षेत्र की KML फाईल एंव वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित क्षेत्र की KML फाईल की साफ्ट कॉपी भी प्रस्तुत करें ।

बिन्दु क. 05– FCA के अंतर्गत प्रेषित प्रस्ताव पार्ट 1 को अनुमोदित कर प्रस्तुत करें ।

बिन्दु क. 06– प्रकरण में पंजीयन प्रोसेसिंग शुल्क की राशि 6000/– वनमंडलाधिकारी पूर्व छिन्दवाडा वनमंडल के नाम बैंक ड्राफ्ट या डीडी के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करें ।

संलग्न :- मूलतः प्रस्ताव 4 प्रतियों में।

28.12.21

**वनमंडलाधिकारी**
**पूर्व छिन्दवाड़ा वनमंडल**

पृष्ठा.क्रमांक./मा चि./2021/2926 छिंदवाड़ा, दिनांक/28-12-21

**प्रतिलिपिः—** 1. वनमंडलाधिकारी पश्चिम छिन्दवाडा की ओर सूचनार्थ प्रेषित कर लेख है कि प्रकरण में प्रभावित वनभूमि के बदले वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु प्राप्त भूमि ग्राम लहगडुआ ख.क. 71/1 रकबा 6.372 हे. भूमि की वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना तैयार कर तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर इस कार्यालय को प्रेषित करें ।

28.12.21

**वनमंडलाधिकारी**
**पूर्व छिन्दवाड़ा वनमंडल**